>

Title: Regarding setting up of FM Radio station in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री हेमन्त पाटिल (हिंगोली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभार मानता हूं । अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं ।

महोदय, वर्तमान में एफएम स्टेशन का महत्व बढ़ रहा है, क्योंकि इसका प्रयोग मनोरंजन के अतिरिक्त विभिन्न विषयों जैसे कृषि, समाचार और शिक्षा में भी होता है । मेरा संसदीय क्षेत्र हिंगोली एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है और दिसम्बर, 2018 के एक पत्र के अनुसार प्रसार भारती बोर्ड ने 12वीं प्लान स्कीम के अंतर्गत 100 जगहों पर 100 वाट के एफएम ट्रांसमीटर्स की स्थापना की स्वीकृति दी थी, जिसमें हिंगोली जिला शामिल था । हालांकि अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि तत्काल इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए, क्योंकि मेरे लोक सभा क्षेत्र का क्षेत्रफल 460 किलोमीटर फैला हुआ है, जिसमें 11 तालुका क्षेत्र आते हैं । इसलिए 100 वाट के ट्रांसमीटर से बहुत सीमित लोग ही एफएम सेवा का लाभ उठा सकेंगे । मेरी मांग है कि हिंगोली में दस किलोवाट के एफएम स्टेशन एवं स्टूडियो का जल्द से जल्द निर्माण किया जाए, जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों को एफएम की सुविधा प्राप्त हो । धन्यवाद ।

श्री राहुल कस्वां (चुरू): अध्यक्ष जी, मैंने अपना विषय बदलने के लिए आपसे निवेदन किया है ।

माननीय अध्यक्ष : हां, बदल दें । मैंने इजाजत दे दी है ।